गोविन्द गोपाल गाइये जी

गोविन्द गोपाल गाइये जी
भजो नन्द के लाल नित्य गाइये जी

मुरलीधरा मोहन मदन मुरारी
बंशीधर ब्रजराज बांके बिहारी
हिरदय में हरी को बसाइये जी
भजो नन्द के लाल नित्य गाइये जी

राधा रमन हरी गोविन्द जय जय
गोविन्द जय जय गोपाल जय जय

गोकुलेश गोपीनाथ गोवर्धन धारी
कृष्णा कलाकुंज काली मनहारी
चरणो में चित्त लगाइये जी
भजो नन्द के लाल नित्य गाइये जी
गोविन्द गोपाल गाइये जी

ओम नमो भगवते वासुदेवाय
वासुदेवाय मेरो कृष्णा चन्द्राय

दामोदर दीन दयाल दुखहारी
भयभव मोचन भगतन हितकारी
हरे कृष्ण कृष्ण दोहराइए जी
भजो नन्द के लाल नित्य गाइये जी
गोविन्द गोपाल गाइये जी

राधा रमन हरी गोविन्द जय जय
गोविन्द जय जय गोपाल जय जय

नन्द किशोर नवनीत नटनागर
श्याम स्वरुप हे सत्य सुख सागर
कबहुँ न नाम बिसराइये जी
भजो नन्द के लाल नित्य गाइये जी
गोविन्द गोपाल गाइये जी

संपर्क - +919830608619

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/782/title/govind-gopal-gaaiye-ji-bhajo-nand-ke-laal-nitya-gaiye-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |